प्रेषक

निदेशक उच्चतर शिक्षा, हरियाणा,
शिक्षा सदन, सैक्टर–5 पंचकूला।

सेवा में

1. राज्य में स्थित सभी राज्य विश्वविद्यालयों के रजिस्ट्रार।
2. राज्य में स्थित सभी राजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य।
3. राज्य में स्थित सभी अराजकीय महाविद्यालयों के प्राचार्य।

यादि क्रमांक 9/115–2023 तम (3)
दिनांक, पंचकूला 01.06.2023

विशय : **अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस–2023 के अंतर्गत राज्य के सभी सरकारी एवं गैर–सरकारी महाविद्यालयों (Colleges) और विश्वविद्यालयों (Universities) में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं विचार गोष्ठी दिनांक 01 जून से 21 जून तक आयोजित करने बारे।**

उपरोक्त विषय के संदर्भ में।

विषयांकित मामले में रजिस्ट्रार, हरियाणा योग आयोग से प्राप्त पत्र क्रमांक एच0वाई0ए0/एच0आर0वाई0/2023/5868 दिनांक 27.4.2023 की प्रति आपको इस अनुरोध के साथ भेजी जाती है कि 01 जून से 21 जून के मध्य अपने–अपने संस्थानों में उपरोक्त योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं 2 दिवसीय विचार गोष्ठी कार्यक्रम आयोजित करने हेतू तिथियां हरियाणा योग आयोग को उनके ई–मेल आई0डी0 haryanayogaayog@gmail.com पर भिजवायें।

संलग्न : उपरोक्तानुसार

अधीक्षक तालमेल
कृतेः निदेशक उच्चतर शिक्षा, हरियाणा,
पंचकूला।

पृष्ठांकन क्रमांक :सम
दिनांक पंचकूला 01.06.2023

इसकी एक प्रति रजिस्ट्रार, हरियाणा योग आयोग को उनके पत्र क्रमांक एच0वाई0ए0/एच0आर0वाई0/2023/5868 दिनांक 27.4.2023 के संदर्भ में सूचनार्थ प्रेषित है।

अधीक्षक तालमेल
कृतेः निदेशक उच्चतर शिक्षा, हरियाणा,
पंचकूला।

पृष्ठांकन क्रमांक :सम
दिनांक पंचकूला 01.06.2023

इसकी एक प्रति इंचार्ज आई0टी सैल को भेजते हुए अनुरोध है कि पत्र को वेब पोर्टल पर अपलोड करें।

अधीक्षक तालमेल
कृतेः निदेशक उच्चतर शिक्षा, हरियाणा,
पंचकूला।

Haryana Yog Aayog, Govt. of Haryana
(Under the aegis of Department of Health, Family Welfare and AYUSH, Haryana)
Office: campus of Directorate AYUSH Bhawan, Near Youth Hostel, Sector-3, Panchkula-134109
Email: haryanayogaayog@gmail.com, registrar-hyc@gov.in Ph: 0172-2586333

सेवा में,

माननीय निदेशक महोदय,
उच्चतर शिक्षा विभाग,
हरियाणा।

पत्र संख्या : एच०वाई०ए०/ एच०आर०वाई०/2023/ 5868 दिनांक : 27/04/2023

विषयः अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस- 2023 के अंतर्गत राज्य के सभी सरकारी एवं गैर - सरकारी महाविद्यालयों (Colleges) और विश्विद्यालयों (Universities) में योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं विचार गोष्ठी दिनांकः 1 जून से 21 जून तक आयोजित करने बारे।

महोदय,

उपरोक्त विषय के संदर्भ में माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के पुरुषार्थ से आज सम्पूर्ण विश्व में योग का प्रचार- प्रसार एवं स्वीकार्यता निरंतर बढ़ रही है। इस निमित हरियाणा सरकार योग को आगे बढ़ाने में प्रयत्नशील है, इस निमित हरियाणा योग आयोग को हरियाणा सरकार द्वारा योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के प्रचार- प्रसार का दायित्व सौंपा गया है। हरियाणा प्रान्त को आयुष चिकित्सा विशेषतः योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से "स्वस्थ हरियाणा - समृद्ध हरियाणा" के रूप में स्थापित करने को लेकर माननीय मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर जी एवं माननीय गृह, स्वास्थ्य एवं आयुष मंत्री श्री अनिल विज के संकल्प को पूर्ण करने के लिए हरियाणा योग आयोग, आयुष विभाग निरंतर प्रयत्नशील है।

इसी क्रम में इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस - 2023 के अवसर पर महाविद्यालयों एवं विश्विद्यालयों में दिनांक 1 जून से 21 जून तक योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं 2 दिवसीय विचार गोष्ठी का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है, इस हेतु आपके सम्बंधित जिले के जिला आयुर्वेदिक अधिकारी से सम्पर्क कर आप योग प्रशिक्षकों की भी मांग कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का चयन किया जाए एवं उनके नाम जिला स्तर पर जिला आयुर्वेदिक अधिकारी को भेजे जाएँ ताकि समयानुसार सूचि उपलब्ध करवाकर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस – 2023 के जिला स्तरीय कार्यक्रम में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

अतः उक्त संदर्भ में आपसे निवेदन है कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस- 2023 के तहत राज्य के सभी सरकारी एवं गैर - सरकारी महाविद्यालयों और विश्विद्यालयों को योग प्रोटोकॉल प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं विचार गोष्ठी का आयोजन दिनांकः 1 जून से 21 जून के मध्य करवाने हेतु आपके विभाग की ओर से आवश्यक निर्देश शीघ्र जारी हों और उसका दैनिक रूप से Follow- up लेने के लिए एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाए, जिसके साथ हरियाणा योग आयोग नियमित रूप से योजना निरूपन, क्रियान्वहन एवं रिपोर्टिंग हेतु सम्पर्क कर सकें।

धन्यवाद सहित !

R
19/5/23

रजिस्ट्रार
हरियाणा योग आयोग

Scanned with OKEN Scanner